भटहट थाना के पिपरी में निर्माणाधीन आयुष विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

आयुष विवि में सीएम योगी का बुधवार को होगा आगमन

एसएसपी सीडीओ और वीसी ने तैयारियों का लिया जायजा

भटहट (एसएनवी)। प्रदेश के प्रथम आयुष विश्वविद्यालय के अस्थायी ओपीडी का शुभारम्भ करने सीएम योगी आदित्यनाथ एक फरवरी को भटहट के पिपरी गांव पहुंचेंगे। सीएम के आगमन की तैयारियों एवं सुरक्षा का जायजा रविवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा और कुलपति प्रो एके सिंह के साथ ही अन्य आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने फैसिलिटी सेंटर के साथ ही अस्थायी तौर पर शुरू होने वाले आयुष ओपीडी का निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयुष परिसर में बन रहे हेलीपैड स्थल का जायजा लेते हुए सभा स्थल तक आगंतुकों के पहुंचने पर विचार विमर्श किया। इसके साथ ही अधिकारियों ने सभा स्थल, सीएम के लिए तैयार होने वाले मंच, स्टेज आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। जिलाधिकारी ने परिसर में इंटरनेट कनेक्टिविटी के सम्बंध में आयुष विश्वविद्यालय निर्माण कम्पनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर से जानकारी ली। एसएसपी ने कहा कि सीएम के कार्यक्रम के दिन कांस्ट्रक्शन का कार्य बंद रहेगा। सभा स्थल पर एल मडल में आयुष समेत पान स्टाल लगाए जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही अधिकारियों ने गेस्ट हाउस में चल रहे कांस्ट्रक्शन के कार्य का भी निरीक्षण किया। सीएम के कार्यक्रम में तीन हजार लोगों को पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम स्थल तक लोग कैसे पहुंचेंगे इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर को सौंप दी। इस अवसर अधिशासी अभियंता अनिल कुमार, सहायक अभियंता राजेश कुमार, अवर अभियंता भगवत सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर हिमेश जोशी आदि लोग मौजूद रहे।